तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 20 नवंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 प्रत्येक बुधवार को बनेंगे जिला अस्पताल बेमेतरा में अब दिव्यांग...



10 प्राथमिक शाला सुवरतला में मनाया गया जनजातीय...



## खबर संक्षेप

### बच्चे स्वयं से तैयार कर व्यंजनों के 28 स्टॉल लगाए, की कमाई



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला सोमईकला संकुल चिल्फी विकासखंड साजा में बच्चों द्वारा आनंद मेला का आयोजन किया गया। बच्चों में व्यवसायिक गुण विकसित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आंनद मेला का आयोजन किया जाता है। बच्चों द्वारा स्वयं से व्यंजन तैयार कर शाला में 28 स्टाल लगाए गए। गणितीय कौशल विकसित करने आय व्यय लाभ हानि को समझने में सहायक हो रहा है। आनंद मेला में पालक, अभिभावक व प्रतिनिधियों ने शामिल होकर स्टाल में जाकर खरीद कर स्वाद का आनंद लिया। सरपंच प्रतिनिधि गज्जू साहू कुमार दास जांगड़े भुनेश्वर साहू बेदराम वर्मा मंशाराम साहू हेमदास सुखदेव साहू पूर्व शिक्षक महेश गिरजा चंद्रिका चंद्रकली बेना लैनबाई रुपा पूर्णिमा साहू, प्रधान पाठक कमल किशोर शर्मा पवन कुमार देवांगन निलेश्वर शर्मा महेंद्र वर्मा प्रधान पाठक केवतरा रामकृष्ण साहू ज्ञानिक मार्कंडेय संत कुमार घृतलहरे ईश्वरी ठाकुर पूर्णिमा मार्कंडेय संगिता घृतलहरे उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना में वित्तीय गड़बड़ी उजागर

**बेमेतरा।** मोतेसरा, ग्राम पंचायत रौद्रा में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत गंभीर वित्तीय अनियमितता सामने आई है। शिकायतकर्ता नीलम निषाद सहित ग्रामीणों द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर जिला स्तरीय जांच समिति ने मामले की जांच की। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आवास हितग्राही कल्याणी बाई/राधेश्याम एवं दुगधी बाई/सुकालू, ग्राम मोतेसरा के मकान निर्माण न होने के बावजूद प्रति हितग्राही 95,000-95,000 की राशि जारी कर दी गई। आरोप था कि यह राशि भ्रष्ट अधिकारी-कर्मचारियों व रोजगार सहायक की मिलीभगत से बिना निर्माण कार्य के ही अंतरित कर शासन की राशि का गबन किया गया। जिला स्तरीय जांच समिति द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में पाया गया कि दोनों हितग्राही पहले से ही पक्के मकान वाले अपात्र थे। इसके बावजूद उन्हें कुल 1,90,000 की राशि जारी की गई। जांच में दोषी पाए गए अधिकारी एवं कर्मचारियों से यह संपूर्ण राशि की वसूली कर ली गई है। कड़ी कार्रवाई करते हुये सचिव निलंबित, रोजगार सहायक व आवास मित्र की सेवा समाप्त कि गई हैं। **आरोपियों पर की गई कार्रवाई:** वित्तीय अनियमितताओं को गंभीर मानते हुए जिला प्रशासन ने सख्ती बरतते हुए रोशन साहू, सचिव ग्राम शेष पेज 10

# कलेक्टर ने किया कोबिया पोलिंग स्टेशन का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज | बेमेतरा

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर 2026) के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने कोबिया पोलिंग स्टेशन का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्र में संधारित अभिलेखों, दावे–आपत्तियों से संबंधित प्रपत्रों, बीएलओ रिकॉर्ड, नियंत्रण रजिस्टर तथा अन्य व्यवस्थाओं की गहन जांच की।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर शर्मा ने वार्ड क्रमांक 9 के बूथ नंबर 34 का भी दौरा किया और नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन संबंधी प्रगति का विस्तार से मूल्यांकन किया। उन्होंने बीएलओ एवं संबंधित पर्यवेक्षकों से सभी लंबित प्रपत्रों के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसआईआर 2026 की प्रक्रिया को "जनप्रतिनिधित्व की नींव और लोकतांत्रिक शुचिता का अहम चरण" बताते हुए कहा कि हर योग्यता प्राप्त नागरिक का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक एवं प्रथम बार मतदाता बनने वाले युवाओं को विशेष सहायता उपलब्ध कराई जाए। दावे–आपत्तियों का समयबद्ध निस्तारण प्राथमिकता से किया जाए, किसी भी प्रकार की त्रुटि तुरंत सुधारी जाए। बीएलओ अपने क्षेत्र का फिजिकल वेरिफिकेशन सतर्कता से करें और बिना सत्यापन के कोई प्रविष्टि शेष पेज 10 पर

## एसआईआर 2026 के तहत मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की विस्तृत समीक्षा



### निरीक्षण में मिली जानकारी और सुधारात्मक सुझाव

निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने कलेक्टर को वर्तमान प्रगति, प्राप्त दावे–आपत्तियों की संख्या, निस्तारण की स्थिति, बीएलओ द्वारा की गई फील्ड विजिट तथा पोर्टल अपडेट की जानकारी विस्तार से प्रदान की। कलेक्टर शर्मा ने अधिकांश व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए यह भी निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है, उन्हें तुरंत दुरुस्त किया जाए ताकि एसआईआर 2026 के सभी मानक समय सीमा में पूर्ण हो सकें। कलेक्टर के इस निरीक्षण से निर्वाचन संबंधी तैयारियों में और तीव्रता आने की संभावना है, जिससे बेमेतरा जिले की मतदाता सूची अधिक सटीक, अद्यतन और त्रुटिरहित रूप में तैयार हो सकेगी।

## कार्रवाई

### जिले में बवंडर जैसा माहौल, दिनभर हड़कंप, सुरक्षा घेरा बढ़ा

# बेमेतरा में एसीबी ने महिला आईएएस के बंगले पर मारा छापा

हरिभूमि न्यूज | बेमेतरा

बुधवार की सुबह बेमेतरा ने वो दृश्य देखा, जिसकी चर्चा दिनभर होती रही। तड़के करीब छह बजे जब शहर नींद में था, तभी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) का काफिला जिले में दाखिल हुआ और सीधे महिला आईएएस एवं बेमेतरा जिला पंचायत अधिकारी प्रेमलता पद्माकर के सरकारी बंगले पर पहुँच गया। कुछ ही मिनटों में अधिकारी कॉलोनी पुलिस और एसीबी अधिकारियों से भर गई।

- प्रशासनिक गलियारों में बस एक ही सवाल-अब अगला कौन

लोगों ने बाहर झाँककर देखा तो सरकारी वाहनों की लंबी कतार और तेजी से चल रही गतिविधियां, हर किसी के मन में एक ही सवाल—आखिर इतना बड़ा धावा क्यों? बंगले के बाहर पुलिस ने तत्काल सुरक्षा बढ़ाई, बैरिकेड लगाकर चारों तरफ घेरा बनाया। अफसरों की आवाजाही इतनी तेज थी कि कॉलोनी में रहने वाले भी हैरान रह गए। देखते ही देखते जिले में खबर जंगल की आग की तरह फैल गई और प्रशासनिक महकमे में दिनभर हड़कंप मच गया।



### जिले में दिनभर फुसफुसाहट-अब अगला कौन

सरकारी दफ्तरों में बैठकों से लेकर फील्ड में काम कर रहे कर्मचारियों तक, हर जगह दिनभर एक ही चर्चा- अब किसकी बारी है। कई अधिकारी अपने पुराने रिकॉर्ड खंगालते दिखाई दिए। तनाव इतना कि सामान्य सरकारी कामकाज तक प्रभावित होता नजर आया।




### आने वाले दिनों में खुलेंगे राज

एसीबी की शुरुआती कार्रवाई ने साफ कर दिया कि जांच अब निर्णायक मोड़ पर है।बेमेतरा समेत पूरे प्रदेश की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि-आरआई घोटाले की अगली परतें किन-किन को बेनकाब करेंगी, और कौन से बड़े चेहरे सामने आने वाले हैं। यह छापेमारी प्रशासनिक हलकों में साल की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है, जिसके असर अगले कई दिनों तक प्रदेश की सुर्खियों पर हावी रहेंगे।

### सिर्फ बेमेतरा ही नहीं, प्रदेशभर में एक साथ बड़ी कार्रवाई

बुधवार को एसीबी ने बेमेतरा के अलावा प्रदेश के कई जिलों में एक साथ दबिश दी। राजस्व विभाग के अफसर, पटवारी, परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी, यहाँ तक कि प्रश्नपत्र छापने वाली प्रेस भी जांच के दायरे में हैं। अधिकारियों का कहना है-यह तो सिर्फ शुरुआत है। दस्तावेज़ों और डिजिटल सबूतों का विश्लेषण होने के बाद कई और बड़े नाम उजागर हो सकते हैं।

### आरआई पदोन्नति घोटाला बना बड़ी कार्रवाई का कारण

प्रेमलता पद्माकर 2014 बैच की राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं और वर्तमान में जिला पंचायत बेमेतरा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर हैं। इससे पहले वे भू-अभिलेख शाखा में उपायुक्त थीं। इसी दौरान आरआई पदोन्नति परीक्षा की वह प्रक्रिया चली थी, जिसे अब प्रदेश का सबसे बड़ा राजस्व घोटाला माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक एसीबी की टीम ने आवास में घुसते ही फाइलों, आदेश पुस्तिकाओं, नोटशीटों, पुराने रजिस्टरों और डिजिटल रिकॉर्ड की बारीकी से छानबीन शुरू की। टीम विशेष रूप से उन दस्तावेजों का मिलान कर रही है, जिनमें पदोन्नति से जुड़े आदेश, अनुमतियाँ और हस्ताक्षर दर्ज हैं। लैपटॉप, मोबाइल डेटा, ई-मेल बैकअप, विभागीय सॉफ्टवेयर लॉग सबकी तकनीकी जांच जारी है।

### सवालों की लड़ी जिसने हिला दिया था पूरा विभाग

आरआई पदोन्नति घोटाला पिछले कई महीनों से सुर्खियों में है। आरोप इतने गंभीर हैं कि उन्होंने पूरे राजस्व विभाग को शक के घेरे में खड़ा कर दिया— परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र लीक, कई पटवारियों को एक ही जगह बैठाकर उत्तर लिखवाए जाने के आरोप, चयन के लिए दस-दस लाख रुपये की डील, एक ही परिवार के 22 लोगों का चयन, एक ही रोल नंबर कई परीक्षार्थियों को देना और तो और ओएमआर शीट पर मोबाइल नंबर तक लिखवाए जाने का मामला इन सबने इसे प्रदेश की सबसे हाई-प्रोफाइल जांच बना दिया है।

# नांदघाट समिति में 22 किसानों से 724 क्विंटल धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज | नांदघाट

विगत वर्ष 2039 पंजीकृत किसानों में 1905 किसानों का 97000 क्विं धान की खरीदी हुई। इस वर्ष 2097 किसानों का पंजियन है। 27 तक का कूपन किसानों ने टोकन तुंहर हांथ मोबाइल एप के माध्यम से घर बैठे काट लिया है। किसानों ने टोकन करा लिया है। छोटे किसानों को 2 टोकन और बड़े किसानों और बड़े विसानों के 3 टोकन के माध्यम से धान खरीदी की जाएगी अब तक 22 किसानों ने तौल भी करा लिया है। किसानों से 724 क्वीं 80 कि. 17175120 रु की धान खरीदी की जा चुकी है। धान खरीदी निर्विघ्न प्रारंभ होने से किसानों के चेहरे खिले है।

- किसानों ने 'टोकन तुंहर हाथ' ऐप से घर बैठे काटे टोकन, 27 नवंबर तक की प्रक्रिया पूर्ण
- कर्मचारियों की हड़ताल के बीच किसानों की सुविधा हेतु बिना शर्त लौटे कर्मचारी

जबकि सोसायटी कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से कश्मकश थी। कर्मचारियों ने बताया कि अनिश्चित कालीन हड़ताल अभी भी जारी है। संगठन के नेता हड़ताल पर है। तब भी किसानों की समस्या देख कर निःशर्त कार्य पर लौटकर वे व्यवस्था सम्हाल लिये हैं। इस साल की उपज अपेक्षाकृत कम हुई है। महामाया धान के उत्पादन में छेत्र में प्रति एकड़ पिछले साल की तुलना में 2 से 10 क्विंटल की कमी आने की बात की जा ही है। के किसान ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष उत्पादन में भारी कमी हुई है। प्रभारी समिति प्रबंधक शंकर लाल निर्मलकर द्वारा सर्वसुविधायुक्त धान खरीदी की व्यवस्था की जानकारी दी गई है। वहीं पर अध्यक्ष मनीष जयसवाल ने बताया कि इस वर्ष पर्याप्त मात्रा में बारदाने की व्यस्था तथा किसानों के लिए किसान कुटीर की सुविधाजनक व्यवस्था की गई है।



ज्ञात हो कि सेवा सहकारी समिति नांदघाट में पिछले वर्ष उठाव में विलंब के कारण 200 क्वीं का सुखत आने से 461000 / - की हानी हुई थी तथा अभी तक 1करोड़ 35 लाख रुपए का नुकसान है। जिसकी भरपायी खरीदी के कमीशन और प्रदत्त ऋण के ब्याज से की जाएगी। नांदघाट सेवा सहकारी समिति में शामिल दस गांवों के किसानों ने . समिति की व्यवस्था पर संतोष जाहिर किया है।

# नेशनल लोक अदालत की तैयारी के लिए बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज | बेमेतरा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश सरोज नंद दास की अध्यक्षता में एवं देवेन्द्र कुमार प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, साक्षी दीक्षित, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, मोहित सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अनिता कोशिमा रावटे, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा उपस्थिति में आर्बिट्रेशन, क्लेम/बीमा कंपनी के अधिवक्तागण एवं बैंक / फाईनेंस कंपनी के अधिकारीगण के साथ आगामी नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक आयोजित किया गया। उक्त बैठक में जिला न्यायाधीश द्वारा आर्बिट्रेशन, क्लेम / बीमा कंपनी के लंबित प्रकरणों में पक्षकारों से प्री- सिटिंग कर आपसी सुलह एवं समझौते से अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किये जाने के संबंध में चर्चा किया गया। बैंक/ फाईनेंस कंपनी के अधिकारीगण को अधिक से अधिक प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के लिए उनके समय सीमा पर प्रस्तुतिकरण पंजीयन, नोटिस तामिली एवं उनके साथ सौहाद्रपूर्ण रूप से राजीनामा करने पर चर्चा की गई।

उक्त बैठक में आर्बिट्रेशन, क्लेम/बीमा कंपनी के अधिवक्तागण, लीड बैंक, अन्य प्राईवेट बैंक एवं फाईनेंस कंपनी के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नवोदय मॉक टेस्ट में 75 विद्यार्थियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज | बेमेतरा

स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल परपोड़ी में नवोदय मॉक टेस्ट परीक्षा श्रृंखला की तीसरा सीरीज लगातार आयोजित हुई। आयोजित मॉक टेस्ट परीक्षा का निरीक्षण करने लक्ष्य छत्तीसगढ़ संगठन के कार्यकारिणी सदस्य दिलीप कुमार वर्मा एवं आजीवन सदस्य ओमप्रकाश जांघेल का आगमन हुआ। तीन कक्ष में संचालित मॉक टेस्ट निरीक्षण में उन्हें सभी बच्चे को तीनों कक्ष में शांति से परीक्षा दिलाते हुए दिखे। मॉक टेस्ट परीक्षा में कुल 75 बच्चे सम्मिलित हुए हैं। क्षेत्र के पालकों एवं बच्चों में नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के प्रति जागरुकता के साथ प्रतिस्पर्धा जागृत हो रही हैं। निर्धारित समय पर परीक्षा में सभी प्रश्न हल करने की आदत एवं ओएमआर शीट को साफ सुथरा भरने की कला विकसित हो रहा हैं। अंत में बच्चों ने ही ओएमआर शीट को अदला बदली कर जांच की। इससे बच्चों में समझ बनती है कि प्रश्न का उत्तर विकल्प में से कौन है। टॉप 10 में चंचल वर्मा 71 नम्बर प्रथम एवं अन्य उपस्थित लक्ष्य कार्यकारिणी सदस्य दिलीप कुमार वर्मा एवं आजीवन सदस्य ओमप्रकाश जंघेल एवं प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश कुमार वर्मा ने पेन देकर सम्मानित किया।

- परपोड़ी में हुआ मॉक टेस्ट का तीसरा पेपर



इस मॉक टेस्ट परीक्षा का आयोजन करने में सर्किल अध्यक्ष हिमांचल वर्मा, लक्ष्य कार्यकर्ता गण नरेश बघेल,लोकेंद्र जांघेल, चुरावन मानिकपुरी का विशेष सहयोग रहा है।

## असर दिखाने लगी ठंड, बदली लोगों की दिनचर्या

# अलाव का सहारा ले रहे नागरिक, रात में घर से बाहर निकलना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज | बेमेतरा

क्षेत्र में मौसम के करवट बदलते ही लगातार ठंड का प्रकोप बढ़ गया है जिसके चलते जन सामान्य पर मौसम का व्यापक असर पड़ा है। लोग अब ठंड के कारण सुबह देरी से जाग रहे हैं वहीं लोगों की दिनचर्या पर भी इसका असर पड़ा है। ठण्ड की गति बढ़ने के साथ ही अब सुबह की धूप सुहानी लगने लगी है। ठण्ड से बचने के लिये लोग दिन में शाल, स्वेटर के साथ ही रात्रि में अलाव जलाने के लिए मजबूर हो गये है। मौसम खुलने के साथ ही सुबह से ठण्ड का पारा नीचे चला गया है। जिससे शहरी क्षेत्र के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रे में सूर्योदय होने के काफी देर बाद लोग सड़कों पर नजर आते है। शाम ढलते ठंडी हवा का दौर चालू हो जाता है । इस दौरान सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाकर बैठे लोगों को देखा जा सकता हैं। आने वाले समय में और भी तेज ठंड के असर का सामना लोगों को करना पड़ सकता है।



### ठण्ड में अलाव का मजा लेते नागरिक

उल्लेखनीय है कि नवम्बर के महीने में सबसे अधिक ठण्ड रहता है जो जनवरी के पहले पखवाड़े तक ठण्ड का असर बना रहता है। इस वर्ष बारिश का मौसम बीतने के बाद बारिश की गतिविधियां पूरी तरह थम गई थी इस कारण नवम्बर महीने के मध्य से ही ठण्ड का असर दिखाई दे रहा है। ठण्ड की गति बढ़ने के साथ ही अब सुबह की धूप सुहानी लगने लगी है। यही कारण है कि सुबह होने के साथ ही लोग धूप का आनंद लेते दिखाई देते है। बढ़ रही ठण्ड के चलते दोपहर के समय में भी धूप सुहानी लगती है। वही लोग ठण्ड से बचने के लिये शाम दलने के साथ ही अलाव का सहारा लेने लगे है।

### गर्म कपड़ों की मांग बढ़ी

शहरी क्षेत्र में जहां लोग ठंड से बचने के लिए शाल, स्वेटर का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं ग्रामीण इलाकों में आज भी लोग अलाव जलाकर ठंड से बचने की जुगत करते हैं अभी हाल ही में ठंड का कहर निरंतर बढ़ता जा रहा हैं। जिसके चलते शहर के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर भी इसका व्यापक असर देखा जा रहा हैं। बढ़ती ठंड के साथ स्कूलों में भी बच्चों की दिनचर्या पर खासा प्रभाव पड़ रहा हैं। बच्चों को ठंड से बचाने के लिए अभिभावक स्वेटर, मफलर, टोप लगाकर स्कूल भेज रहे हैं। सभी निजी विद्यालय के मापदंड के अलग-अलग रंग के स्वेटर व कोट होते हैं जिन्हें पहनकर बच्चें स्कूल आ रहे हैं।



## खबर संक्षेप



### पीएम श्री विद्यालय में न्योता भोजन कराकर मनाया स्थापना दिवस

भिलाई। सामाजिक संस्था प्रजा सेवा समिति भिलाई ने अपनी संस्था के 18 वे स्थापना दिवस के अवसर पर पी.एम.श्री शासकीय प्राथमिक शाला बालाजी नगर, खुर्सीपार में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति -निर्माण के अंतर्गत छ.ग. शासन के विद्यालय में न्योता भोजन योजना के तहत विद्यालय, समुदाय में अपनेपन की भावना विकसित करने विद्यालय एवं समाज के मध्य आपसी तालमेल एवं समुदाय की शाला में भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से विद्यालय के बच्चों को न्योता भोजन कराया गया। साथ ही विद्यालय के सभी बच्चों के लिए कॉपी, कंपास, पेन का वितरण समिति एवं समाज के गणमान्य नागरिकों द्वारा प्रदान किया गया । प्रजा सेवा समिति विगत दशकों से शिक्षा, स्वास्थ्य, निर्धनकन्या विवाह रक्तदान, बेघरों के लिए आवास निर्माण करके देने का कार्य लगातार करते हुए आ रही है। इस न्योता भोजन के आयोजन में प्रजा सेवा समिति के सदस्यों के अलावा विभिन्न समाजों के गणमान्य नागरिक, शिक्षक शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे ।

### राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में मर्रा की बालिका का चयन

दुर्ग। 25वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय



सब जूनियर बालक-बालिका वर्ग कबड्डी चैम्पियनशिप का आयोजन कबड्डी प्रशिक्षण केन्द्र पेण्ड्रा में 25 से 27 अक्टूबर तक हुआ। इस प्रतियोगिता में खेलो इंडिया लघु केन्द्र मर्रा पाटन की प्रतिभाशाली बालिका लक्ष्मी नेताम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दुर्ग जिला का प्रतिनिधित्व किया। खेल एवं युवा कल्याण से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रतियोगिता में दुर्ग जिले के अंतर्गत ब्लॉक दुर्ग, पाटन एवं धमधा के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से लक्ष्मी नेताम ने अपने उम्दा खेल कौशल से सभी का ध्यान आकर्षित किया। जिला प्रशासन एवं विभाग के अधिकारियों ने लक्ष्मी नेताम को बधाई दी है।

# स्टार्टअप से रोजगार प्रदान करें, न कि नौकरी मांगने लाइन में खड़े हों

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई में हुनर 2025 का आयोजन 10 से 17 नवंबर 2025 तक किया गया। इसमें महाविद्यालय के 6 विभागों के प्रतियोगिता में कांटे की टक्कर थी। हर समूह आगे बढ़ाने की होड़ में बेहद ही उत्साह से कार्यक्रम में भाग लिए।

हुनर फेस्ट 25 के समापन समारोह के मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना झा एवं डीन एकेडमिक डॉ जे दुर्गा प्रसाद राव उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। राज्य गीत अरपा पैरी के धार से छत्तीसगढ़ महतारी का वंदन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना झा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह हुनर कार्यक्रम सिर्फ एक कार्यक्रम ही नहीं बल्कि छात्रों के हुनर को बाहर निकलने का एक अच्छा अवसर है। सब में कुछ न कुछ प्रतिभाएं छिपी होती है और उस प्रतिभा को बाहर निकलने का अच्छा अवसर है जिस में हम सफल रहे।

मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर ने कहा कि भारत सभी धर्मों का सम्मान करता है और इसका कारण यह है कि यहां सनातन धर्म है। भारत हमेशा से शिक्षा और ज्ञान का केंद्र रहा है। हमारे युवा पीढ़ी स्टार्टअप के माध्यम से लोगों को रोजगार प्रदान करें न की नौकरी मांगने की लाइन में खड़े हो। उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 का भी उल्लेख किया तथा प्रधानमंत्री के खेलो इंडिया के माध्यम से ग्रामीण अंचल के बच्चों के हुनर को रखने का कार्य कभी उल्लेख किया। आभार प्रदर्शन महाविद्यालय के डीन एकेडमी डॉ जे दुर्गा प्रसाद राव ने किया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा एवं संस्कृति का संबंध यही दिखाई देता है। सभी इस कार्यक्रम में आत्म विभोर होकर अपनी सहभागिता दी एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान भी दिए। कार्यक्रम की संयोजक डॉ संदीप जसवंत एवं डॉ लक्ष्मी वमा रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन छात्र वर्ग में उमंग एवं डॉ वंदना सिंह ने किया।

## कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर हुए शामिल

### हुनर इंटर डिपार्टमेंट फेस्ट सांस्कृतिक स्पर्धा में प्रतिनिधित्व

प्रकोष्ठ अध्यक्ष दीपाली देवांगन गर्ल्स एवं प्रांजल मातुरकर बॉयज वर्ग का प्रतिनिधित्व किया। शिक्षा विभाग से लिखील साहू एवं जयश्री व्यापारी वाणिज्य विभाग से सौरभ ध्रुव एवं पूजा झा, प्रबंधन विभाग से त्रिस्मीत सिंह भाटिया एवं स्वाती बिसेन, कला विभाग से देवांशु एवं रितिका, विज्ञान विभाग से खुशी सिंह राजपूत एवं मुनेश्वर, बीसीए विभाग से पायल एवं पवन प्रतिनिधि चुने गए। हुनर कार्यक्रम के पहले दिन की शुरुआत टेबल टेनिस, हाथ कुश्ती महिला एवं हाथ कुश्ती पुरुष तथा सांप सीढ़ी जैसे रोमांचक खेलों से किया गया। द्वितीय दिवस रंगोली पेंटिंग वाद विवाद प्रश्नोत्तरी एवं फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों का बौद्धिक परीक्षण हुआ तो वहीं खेलकूद में भी किसी से पीछे नहीं रहे।



### 25 साल के विकास को थीम के रूप में किया प्रदर्शित

पेंटिंग एवं रंगोली में छत्तीसगढ़ आदिवासी जनजाति थीम के रूप में दिया गया। वाद विवाद में छत्तीसगढ़ के 25 साल विकास को थीम के रूप में, मेहंदी में ब्राइडल मेहंदी थीम तो शतरंज की चाल और फुटबॉल की मस्ती में सभी विभाग के छात्र-छात्राएं पीछे नहीं रहे। क्रिकेट के रोमांचक खेल में तो सभी अपनी उम्र की सीमाएं ही लाघ दिए। एकल एवं युगल गीत तथा युगल नृत्य की प्रस्तुति से सभी मंत्र मुग्थ हो गए। अंतिम दिवस रस्साकशी का आयोजन किया गया जिसमें सभी जोर आजमाइश करते दिखे। दूसरी ओर रैम्प वाक में छात्रों ने भूतो के थीम पर ऐसा जलवा बिखरे की लगा। अंत में पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमे पूरे कार्यक्रम में शिक्षा विभाग का वर्चस्व रहा। द्वितीय स्थान पर वाणिज्य विभाग तृतीय स्थान पर प्रबंधन विभाग चतुर्थ स्थान पर विज्ञान विभाग पांचवें स्थान पर कला एवं कंप्यूटर विभाग रहा। मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह सीड बॉल देकर सम्मानित किया गया।

## खरसिया-परमलकसा रेलवे परियोजना के लिए अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू

# छोटे किसानों की जमीन के मुआवजे का निर्धारण हेक्टेयर में किए जाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ में खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा नई रेल लाइन बिछाने की तैयारी शुरू कर दी है। यह रेलवे लाइन करीब 278 किलोमीटर तक बिछाई जानी है। इस लाइन के बिछने से मुंबई-हावड़ा मुख्य रेलवे लाइन पर ट्रेनों के ट्रैफिक का दबाव कम होगा। इसके लिए यह पांचवी और छठवीं पाइपलाइन प्रस्तावित की गई है। इस रेलवे लाइन के लिए फिलहाल भिलाई-तीन और पाटन क्षेत्र में सर्वे का काम चल रही है। दुर्ग जिले के करीब 25 गांव इस रेलवे लाइन की जद में आ रहे हैं। इसे देखते हुए इन गांवों की जमीन की खरीदी-बिक्री पर शासन ने रोक लगा दी है। इसके साथ ही जमीन के भू-अर्जन की प्रक्रिया भी शुरू होनी है।

शासन ने तय किया है कि जमीन के मुआवजे का निर्धारण हैक्टेयर में किया जाना है। इसका किसानों ने विरोध किया है। इसे लेकर किसानों ने ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने मुलाकात की। उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराया। साथ ही ज्ञापन सौंपकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की। चर्चा के दौरान राजूलाल देशमुख, राजेश साहू, धर्मेंद्र साहू, उमंदी ठाकुर, प्रदीप देशमुख, संदीप सिंह, मलेश निषाद, यशवंत साहू, मोहनलाल साहू, उमेश साहू, चिंतामणि गजपाल सहित अन्य मौजूद थे। किसानों ने भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को अपारदर्शी, एकतरफा और मनमाना निर्णय बताया। किसानों ने कहा कि उक्त पुस्तैनी जमीन जीविका का एक मात्र साधन है। बिना ग्रामसभा की बैठक या प्रभावितों की सहमति के यह निर्णय संविधान के प्रदत्त अधिकारों का उल्लंघन है।

## ग्रामीण मिले विधायक ललित चंद्राकर से, मांगों का सौंपा ज्ञापन



### किसानों ने कहा- निर्णय विसंगतिपूर्ण, पुनर्विचार की जरूरत

किसानों ने विधायक को बताया कि यह रफ्ट्रल एक्ट 2013 की भावना के विपरीत है। भूमि के वास्तवि बाजार मूल्य 100 प्रतिशत सॉलैटिम, 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज को ध्यान रखकर मुआवजा तय होना चाहिए। विस्थापित परिवारों को नौकरी दी जाए। पुनर्मूल्यांकन या निराकरण समिति का गठन किया जाए। पुणे महाराष्ट्र की कंपनी मोनार्क कंपनी के कर्मचारियों द्वारा अनाधिकृत रूप से खड़ी फसल में प्रवेश कर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। बिना अधिकारियों की मौजूदगी में सर्वे का कार्य किया जा रहा है। इसे लेकर ललित चंद्राकर ने इस मामले में उच्च अधिकारियों से चर्चा के बाद सार्थक निर्णय लिए जाने का भरोसा दिलाया।

### इन ग्रामीण क्षेत्रों की जमीन का होना है अधिग्रहण

अधिकारियों के मुताबिक दुर्ग जिले घुघसीडीह, खोपली, बोरिगारका, पुरई, कोकड़ी, कोड़िया, भानपुरी, चंद्रखुरी, कोनारी, चंगोरी, बिरेझर, थनौद, पाउवारा, ठकुराईनटोला, बठेना, देमार, अरसनारा, नवागांव, देवादा, सांतरा, मानिकचौरी, बोहारडीह, फेकारी, धौराभाठा सहित आसपास के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों की जमीनों का अधिग्रहण होना है। इसे देखते हुए ही इन क्षेत्रों की जमीनों की खरीदी-बिक्री पर रोक लगाई गई है।

### 8714 करोड़ के प्रोजेक्ट में बिछनी है 278 किमी है लाइन

रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि 8,741 करोड़ रुपए की लागत से इस परियोजना में काम होना है। इस परियोजना के माध्यम से बलौदाबाजार जिले के साथ ही अन्य क्षेत्रों को सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। इस परियोजना के साथ ही इन क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। 278 किमी लंबा यह रेलमार्ग होगा, जिसके लिए 615 किमी ट्रैक बिछाई जाएगी। कुल 21 स्टेशनों से होकर यह रेलवे लाइन गुजरेगी। इसके लिए 48 बड़े पुल, 349 छोटे पुल, 14 आरओबी, 184 आरयूबी, 5 रेल फ्लाईओवर का काम होगा। राज्य के रायगढ़, जांजगीर-चांपा, सक्ती, बिलासपुर, बलौदा बाजार, रायपुर, दुर्ग और राजनांदगांव जिले के लोगों को इसका फायदा होगा।



# प्राथमिक शाला सुवरतला में मनाया गया जनजातीय गौरव पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

- बिरसा मुंडा ने जंगल, जमीन और आजादी के लिए अंग्रेजों का पुरजोर विरोध किया : लेखा

साजा विकासखंड के अंतर्गत शासकीय उच्च प्राथमिक शाला सुवरतला में जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया गया। यह दिवस क्रांतिकारी बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष में मनाया गया। इस अवसर पर सहायक शिक्षिका लेखा रजक ने बच्चों को बताया कि बिरसा मुंडा देश के एक महान स्वतंत्रता सेनानी और आदिवासी नेता थे। उनका जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के उलिहातु में हुआ था।

भगवान बिरसा मुंडा ने अपने जंगल, जमीन और अपनी आजादी के लिए ब्रिटिश शासकों का जमकर विरोध किया था। आजादी की लड़ाई में बिरसा मुंडा का महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने ब्रिटिश शासन और दमनकारी नीतियों के खिलाफ आदिवासी विद्रोह का नेतृत्व किया था। उन्होंने 'उलगुलान' नामक एक बड़े आंदोलन के माध्यम से ब्रिटिश नीतियों का विरोध किया, जिसने आदिवासियों को उनकी जमीन और अधिकारों से बेदखल कर दिया था। उनका संघर्ष न केवल आदिवासी समाज को एकजुट करने में बल्कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा देने में भी महत्वपूर्ण था।

इस अवसर पर शिक्षक संतोष ठाकुर ने भी विस्तार से क्रांतिकारी बिरसा मुंडा पर अपनी बातें रखीं। इस अवसर पर प्रधान पाठक सुनीता जोशी ने बताया कि झारखंड के विकास और स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका निभाई।

### ये हुए शामिल

इस अवसर पर आदिवासी जनजाति वेशभूषा में कक्षा पांचवी के दिवेश सेन, संदीप सेन और विनीत वर्मा शामिल हुए। जनजाति गौरव पखवाड़ा के अंतर्गत प्रधान पाठक सुनीता जोशी, संतोष ठाकुर, प्रधान पाठक बसंत कौशिक, महेश्वरी साहू, लेखा रजक, खुबीराम साहू, बेला ध्रुव, अंजनी वर्मा और सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# आरटीओ ने शुरू की यात्री बसों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जैसलमेर में यात्री बस अग्निकांड में



पिछले दिनों 26 लोगों की मौत हो गई। इस मामले में यात्री बसों की लापरवाही सामने आई है। लगातार बसों को मॉडिफाई किया जा रहा है। इस शिकायत को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन ने भी बसों की जांच के लिए सभी जिलों के परिवहन विभाग को जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही अवेयरनेस कैम्पेन चलाने कहा गया है। दुर्ग में भी आरटीओ ने जांच शुरू कर दी है। अब तक ऐसी बसों को लेकर जानकारी नहीं मिली है, लेकिन नियमित रूप से यात्री बसों को रोककर उनकी जांच की जा रही है। बता दें कि जैसलमेर घटना में सामान्य स्लीपर बस को एसीयुक्त बनाकर उपयोग में लाया जा रहा है। फायर विंडो की जगह को भी ब्लॉक कर दिया गया था। इस वजह से अग्निकांड ने भीषण रूप लिया, यात्रियों को बस से बाहर निकलने की जगह तक नहीं मिल सकी। इसे देखते हुए दुर्ग परिवहन विभाग ने बसों की जांच शुरू की है। यात्रियों को फायर सेफ्टी से जुड़ी जानकारी दी जा रही है। परिवहन विभाग के उड़नदस्ता विभाग को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। ड्राइवर-कंडक्टर और मलिक को समझाइश दी जा रही है। खासकर रात्रि में चलने वाली बड़ी बसों में जांच उपरांत ड्राइवर कंडक्टर के साथ-साथ यात्रियों को भी अप्रिय घटना से निपटने की लिए तरीके बताए जा रहे हैं। इधर 1 अप्रैल 2019 के पहले के वाहनों के लिए हाई सिक्योरिटी नंबरों का पंजीयन किया जा रहा है। इसके लिए 24 नवंबर से पुनः पंजीयन किया जाना है। उड़नदस्ता प्रभारी सीके साहू ने बताया कि मॉडिफाई बसों को लेकर हमारे पास फिलहाल शिकायत नहीं मिली है। नियमित रूप से जांच की जा रही है। नियमतः कार्रवाई की जाएगी।

### हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए 24 नवंबर से शिविर

केन्द्रीय मोटर यान अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के दिए गए प्रावधानों, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के साथ समय-समय पर जारी अन्य निर्देशों के अतिरिक्त माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के परिपालन में छत्तीसगढ़ 01 अपैल 2019 के पूर्व के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। मिली जानकारी अनुसार पाटन में 24 से 29 नवम्बर, धमधा में 1 से 6 दिसम्बर और दुर्ग जनपद में 08 से 15 दिसम्बर, जामुल नगर पंचायत में 16 से 20 दिसम्बर, अहिवारा में 22 से 31 दिसम्बर तक शिविर लगाए जाएंगे। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाए जाने की कार्रवाई संबंधित कंपनी रोसमेर्टा सेफ्टी सिस्टम लिमिटेड के कर्मचारी उपस्थित रहकर करेंगें।

# जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- 4 दिसंबर तक गणना प्रपत्र जमा करने की अपील

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत दुर्ग जिले में कार्य तेजी से जारी है। जिला प्रशासन ने बताया कि जिले के 1520 मतदान केन्द्रों पर नियुक्त 1520 बीएलओ द्वारा दो प्रतियों में बनाए गए गणना प्रपत्र घर-घर पहुंचाकर मतदाताओं को वितरित किए जा चुके हैं। वर्तमान में बीएलओ इन प्रपत्रों का संग्रहण कर रहे हैं।

निर्वाचन आयोग द्वारा गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण एवं बीएलओ ऐप में अपलोड करने की अंतिम तिथि 4 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए तत्काल अपना गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को सौंप दें।

जिला प्रशासन ने सभी मतदाताओं से 4 दिसंबर 2025 से पहले प्रपत्र भरने या बीएलओ को जमा करने की अपील की है, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य समय पर पूरा हो सके। मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी से मतदाता सूची अधिक सटीक, अद्यतन और पारदर्शी बन सकेगी।

**गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रियाः** प्रपत्र के पहले भाग में मतदाता को अपना व्यक्तिगत विवरण भरना है। यदि मतदाता 2003 की मतदाता सूची में शामिल था, तो तालिका के बांये हिस्से में विवरण भरना होगा। यदि 2003 की सूची में नाम नहीं था, तो तालिका के दाहिने हिस्से में माता-पिता की प्रविष्टियाँ 2003 की सूची के अनुसार भरनी होंगी। मतदाताओं की सुविधा के लिए बीएलओ के पास साल 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध है। आवश्यक होने पर मतदाता बीएलओ की सहायता से यह प्रविष्टि भर सकते हैं।

**ऑनलाइन गणना प्रपत्र भरने की सुविधा :** जिन मतदाताओं का आधार या मतदाता परिचय पत्र से मोबाइल नंबर लिंक है, वे अपना गणना प्रपत्र ऑनलाइन भर सकते हैं। यदि मोबाइल नंबर लिंक नहीं है, तो ऑनलाइन प्रक्रिया के दौरान फॉर्म 8 का लिंक प्रदर्शित होगा, जिसके माध्यम से मोबाइल नंबर तुरंत अपडेट किया जा सकता है।

### 2003 की मतदाता सूची में नाम खोजने की सुविधा

छत्तीसगढ़ में निवासरत मतदाता 2003 की सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ की वेबसाइट पर नाम एवं पिता के नाम से खोज सकते हैं। जो मतदाता 2003 में छत्तीसगढ़ में नहीं रहते थे, वे भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से अपने पूर्व निवास वाले राज्य की 2003 की मतदाता सूची में अपना विवरण खोज सकते हैं।

## पेज 9 के शेष

### कलेक्टर ने किया ...

स्वीकार न करें। डुप्लीकेट, मृत तथा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने में लापरवाही न हो। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से प्राप्त प्रपत्रों की अद्यतन स्थिति नियमित रूप से पोर्टल में अपलोड की जाए। मतदाता सूची का पुनरीक्षण पूर्णतः पारदर्शी, सटीक और समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को दी चेतावनीः कलेक्टर ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता ही निष्पक्ष निर्वाचन की आधारशिला है। किसी योग्य मतदाता का नाम छूटना अथवा किसी अपात्र व्यक्ति का नाम बने रहना अस्वीकार्य है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना ...

पंचायत किरकी, अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत रौद्रा को निलंबित किया गया वही विश्राम साहू, तत्कालीन सचिव, ग्राम पंचायत रौद्रा जनपद पंचायत साजा को भी निलंबित किया गया ,ग्राम रोजगार सहायक भुनेश्वरी साहू, की सेवा समाप्त की गई। इसी तरह मीना साहू, आवास मित्र, ग्राम पंचायत रौद्रा, की भी सेवा समाप्ति की कार्यवाही की गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।


## एसआईआर को लेकर भाजपा दुर्ग संभाग स्तरीय की समीक्षा हुई बैठक

# कोई भी पात्र का नाम न छूटे और अपात्र का कटना चाहिए : जामयांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- एसआईआर में किए गए कार्य की समीक्षा की गई

निर्वाचन नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर संबंधी कार्यक्रम की समीक्षा को लेकर दुर्ग संभाग स्तरीय बैठक जिला भाजपा कार्यालय में लेह लद्दाख के पूर्व सांसद जामयांग त्सेरींग नामग्याल के मुख्य अतिथि में हुई। आयोजित बैठक में दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल, राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय, भाजपा प्रदेश महामंत्री उपाध्यक्ष रामजी भारती, रंजना साहू भाजपा प्रदेश मंत्री संध्या परघनिया, जितेंद्र वर्मा, प्रवक्ता अमित साहू प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक अवधेश चंदेल जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक उपस्थित थे। आयोजित बैठक में उपस्थित मुख्य वक्ता के द्वारा एवं वरिष्ठ नेताओं द्वारा अब तक एसआईआर में किए गए कार्य की समीक्षा की गई राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा निर्धारित किए गए समय तक कार्य के संपादन का आह्वान किया गया ।



आयोजित संभाग स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद जामयांग त्सेरींग नामग्याल ने कहा कि आज सभागार में उपस्थित आप सभी को एस आई आर के बारे में कार्यशाला के द्वारा पूर्ण रूप से जानकारी प्राप्त होगी और हमें इसे क्यों करना आवश्यक है इसका रिजल्ट बिहार चुनाव के माध्यम से आपको प्राप्त हो गया बिहार चुनाव में एस आई आर के होने से परिणाम कितना सुखद आया है। यह नहीं होता तो परिणाम असंतोष जनक होता हम सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं और हमें पता है कि हमें चुनाव कैसे जीतना है बुथ को अगर जीतेंगे तो चुनाव अवश्य जीतेंगे। चुनाव आयोग के द्वारा आज असम में भी एस आई आर करवाने की घोषणा कर दी गई है। विपक्षी पार्टी के द्वारा फर्जी नाम जो जुड़वाए गए थे उसे हमें कटवाना है। इस कार्य में बीएलए 1 और बीएलए 2 की महत्वपूर्ण भूमिका है भविष्य में होने वाले चुनाव में टिकट किसे मिलती है यह महत्वपूर्ण नहीं है हमें इसे गंभीरता पूर्वक इस कार्य को करना है ताकि हमारा संगठन मजबूत हो सके और भविष्य में चुनाव के परिणाम भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में आ सके।

भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने कहा कि निर्वाचन नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण एस आई आर संबंधी कार्यक्रम में कोई भी चुक न हो ऐसा सभी प्रयास करें। आयोजित संभाग स्तरीय बैठक का संचालन दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने किया एवं आभार भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा ने किया। आयोजित बैठक में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमननी, शताब्दी पांडेय, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पुरुषोत्तम देवांगन, अजय साहू, राजेंद्र चंद्रवंशी ,बिसेसर दास साहू, दिलीप वर्मा, कोमल सिंह राजपूत, राकेश यादव ,देवलाल ठाकुर, वीरेंद्र कुमार साहू, विक्रांत सिंह विनोद खांडेकर भरत लाल वर्मा, गीता घासी साहू आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### अमित जोगी आज एक दिवसीय कवर्धा प्रवास पर



**कवर्धा।** जनता कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक अमित जोगी 20 नवंबर को कबीरधाम जिले के दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। जनता कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने बताया कि अमित जोगी 2 बजे रेस्टहाउस कवर्धा पहुंचेंगे जहां कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात करेंगे। उसके बाद जिलाधीश से मुलाकात करेंगे एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपेंगे। जिलाध्यक्ष केशरवानी ने बताया कि जिले मे किसानों कि समस्या, अपराध मे बढ़ोत्तरी, आदिवासी क्षेत्र मे जबरन भूमि अधिकरण, गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य, आदिवासी क्षेत्र में शिक्षा की बदहाल व्यवस्था, आश्रमों मे अधीक्षक की कमी, डीएमएफ कार्य में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। बिजली बिल की समस्या हर गाँव मे है जहां बढ़ते बिल के कारण लोगों में आक्रोश है। इस विषय को लेकर भी ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिलाध्यक्ष ने जिले के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### आईटीआई पंडरिया में विविध कार्यक्रम आयोजित

**पंडरिया।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पंडरिया, लोरमी रोड ग्राम मोहतारा खुर्द में 10 से 14 नवंबर तक रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य, लोकगीत एवं पारम्परिक वाद्ययंत्रों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों द्वारा निर्मित मॉडल एवं उपकरण तथा छत्तीसगढ़ी पारम्परिक औद्योगिक शिल्पों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। कार्यक्रम श्रृंखला में छत्तीसगढ़ का विकास और हमारी भूमिका मोर छत्तीसगढ़ विषय पर भाषण प्रतियोगिता तथा मोर छत्तीसगढ़ हरियर छत्तीसगढ़ कौशल से समृद्धि विषय पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इसके अतिरिक्त आईटीआई के गौरवशाली पूर्व प्रशिक्षणार्थियों से संवाद, अनुभव साझा करना एवं सम्मान कार्यक्रम भी संपन्न हुए।

### माशिमं रायपुर ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**कवर्धा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर ने विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विशेष पहल की है। विद्यार्थियों के बीच आत्महत्या की बढ़ती घटना, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों की गंभीरता से लेते हुए स्कूल, कोचिंग संस्थान, कॉलेज और प्रशिक्षण केन्द्रों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर केन्द्रित सुविधा शुरू की गई है।

---

**वारदात : करंट लगाकर किया शिकार, पांच आरोपी गिरफ्तार**

# वन्यप्राणियों के पनाहगार, संरक्षित भोरमदेव अभयारण में दो बायसर का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में वन्य प्राणियों के लिए सबसे सुरक्षित पनाहगार माने जाने वाले भोरमदेव अभ्यारण क्षेत्र में एक बार फिर वन विभाग की चरमराई और खस्ताहाल व्यवस्था के चलते दो वन्यप्राणियों का शिकार हो गया। बताया जाता है कि इस सबसे सुरक्षित अभ्यारण क्षेत्र अंतर्गत चिल्फी परिक्षेत्र के संरक्षित कक्ष क्रमांक पीएफ -333 बहनाखोदरा में शिकारियों ने करंट प्रवाहित जाल बिछाकर दो वन्यप्राणी इंडियन बायसन/गौर (अनुसूची-I) का शिकार कर डाला। खबर तो यहां तक है कि शिकारियों ने इस वारदात को कुछ दिन पूर्व अंजाम देकर मृतक बायसनो के शवों को भी ठिकाने लगा दिया है लेकिन वन विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी। बुधवार को जब इस वारदात की सुगबुगाहट सामने आई तब आनन-फानन में नींद से जागे वन विभाग ने मामले की सुध ली और मौका मुआयना करने के बाद पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों की माने तो बायसन शिकार मामले में कुछ और लोगों के भी शामिल होने की आशंका है जिसकी तलाश अब की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भगवान भरोसे जिले के भोरमदेव अभ्यारण क्षेत्रांतर्गत चिल्फी परिक्षेत्र के संरक्षित कक्ष क्रमांक पीएफ -333 बहनाखोदरा के पास गत दिनो शिकारियों ने वन्यप्राणियों के अवैध शिकार की मंशा से करंट प्रवाहित जाल बिछाया था। बताया जाता है कि शिकारियों द्वारा बिछाए गए इस जाल में दो वन्यप्राणी बायसन की फंसने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वन्यप्राणियों के शिकार की सफल रणनीति को अंजाम देने के बाद इन शिकारियों ने मृत बायसनो के शवों को भी ठिकाने लगा दिया और मांस को बांट लिया। हैरानी की बात यह है कि इतना सब हो जाने के बाद भी वन विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी। घटना के कुछ दिन बाद जब इस शिकार मामले की सुगबुगाहट शुरू हुई तो वन विभाग की नींद टूटी और होश में आए वन विभाग के अधिकारी दल बल तथा अचानकमार टाइगर रिजर्व लोरमी से बुलाई गई विशेष डॉग स्क्वॉड टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटना स्थल से लेकर पास के आबादी क्षेत्र में डॉग स्कॉट की मदद से खोजबीन की गई और बताया जाता है कि खोजी डॉग जिन लोगों के घरों तक पहुंचा उन पांच लोगों को विभाग ने गिरफ्तार कर लिया। हालांकि वन विभाग को जांच पड़ताल के दौरान मृतक बायसन के शव नहीं मिले हैं। हां सूत्रों के मुताबिक घटना स्थल पर वन्यप्राणी के शिकार संबंधी कुछ साक्ष्य और आरोपियों के घरों से कुछ हड्डियां जरूर मिली है। बहरहाल वन विभाग अब इस बेहद गंभीर वन्यप्राणियों के शिकार मामले में आगे की कार्यवाही कर रहा है।



### पांच आरोपी किए गए गिरफ्तार, आगे की कार्यवाही जारी

वन्यप्राणी शिकार मामले की पुष्टि करते हुए वन विभाग ने बताया कि भोरमदेव अभ्यारण्य अंतर्गत चिल्फी परिक्षेत्र के संरक्षित कक्ष क्रमांक पीएफ-333 बहनाखोदरा में वन्यप्राणी इंडियन बायसन/गौर (अनुसूची-I) के दो नग के अवैध शिकार का गंभीर प्रकरण सामने आया है। अभियुक्तों द्वारा विद्युत करंट लगाकर दोनों वन्यप्राणियों का अवैध शिकार किया गया तथा उनके मांस को टुकड़ों में काटकर आपस में बांट लिया गया। इस जघन्य एवं दण्डनीय कृत्य के संबंध में वन विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 9 सहपठित धारा 2(16) क, ख, धारा 30, 32, 39, 44(ख) सहपठित धारा 2, धारा 20, 50, 51 तथा लोक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 की धारा 3 एवं 4 के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20771/12 दिनांक 18.11.2025 पंजीबद्ध किया गया। वन अमले द्वारा त्वरित खोजबीन एवं साक्ष्य संकलन के उपरांत आरोपियों – अन्तू पिता गौतर बैगा, सखुराम पिता रामासिंह बैगा, सोनेलाल पिता सुखराम बैगा, कमलेश पिता चमरू यादव तथा इन्दर पिता शतुर बैगा को दिनांक 19.11.2025 को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर 14 दिवस के रिमाण्ड हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिससे प्रकरण की विस्तृत विवेचना सुनिश्चित की जा सके।

### जिले के तथा कथित सुरक्षित जंगलों में पहले भी होते रहे हैं वन्यप्राणियों के शिकार

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में वन्यप्राणियों के शिकार का यह कोई पहला मामला नहीं है इससे पूर्व भी जिले के जंगलों में राष्ट्रीय पशु बाघ तक का शिकार हो चुका है। भोरमदेव अभ्यारण क्षेत्र के स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश वनकर्मी मुख्यालय में ही निवास नहीं करते और मैदानी स्तर पर नियमित गश्त नगण्य है। लंबे समय से गश्त की कमी का लाभ उठाकर शिकारी निर्भय होकर बिजली करंट जैसी प्रतिबंधित विधियों का उपयोग कर रहे हैं, जो वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 9 व 51 के तहत दंडनीय अपराध है और इसमें कठोर कारावास का प्रावधान है। बावजूद यह कृत्य शिकारियों द्वारा खुलेआम किया जा रहा है।

---

# सिर्फ फोटोग्राफी के लिए खोले गए वर्षों से बंद सुलभ शौचालय

## बोड़ला नगर पंचायत का अजब-गजब कारनामा




- विश्व शौचालय दिवस पर निभाई गई सिर्फ औपचारिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

विश्व शौचालय दिवस आया तो बोड़ला नगर पंचायत को भी अचानक याद आ गया कि यहां शौचालय नाम की कोई चीज भी बनी है। महीनों से ताला झेलते-झेलते थक चुके शौचालय को एक दिन की आजादी मिली। झट से ताला खोला गया, और झाड़ू पोछा किया गया और फोटो सेशन जैसा माहौल बनाकर तथा फोटो ग्राफी कराकर फिर शौचालय में ताला जड़ दिया गया। और फिर क्या? क्योंकि समारोह खत्म तो जिम्मेदारी भी खत्म। गौरतलब है कि विश्व शौचालय दिवस हर साल 19 नवंबर को मनाया जाता है। यह दिन संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्वच्छता, सुरक्षित शौचालय और खुले में शौच मुक्त समाज के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए घोषित किया गया है। नगर पंचायत बोड़ला के बाजार में मौजूद सुलभ शौचालयों का निर्माण भी इस उद्देश्य से किया गया था। लेकिन नगर पंचायत प्रशासन के उदासीन रवैये और घोरलापरवाही तथा इच्छा शक्ति के आभाव में इन सुलभ शौलायों की हालत तो पूछो ही मत। सुलभ नाम है, पर उपलब्धता शून्य है। बाजार क्षेत्र के दोनों शौचालयों में ताले लटक रहे हैं मानो इन में करोड़ों का खजाना छिपा हो। आम जनता तो बस दूर से ही इन सजावटी शौचालयों झलक दिखाई जा रही है। मजेदार बात यह है कि नगर पंचायत प्रशासन बाजार क्षेत्र में दो सुलभ शौचालय की प्रदर्शनी लगाने के बाद अब बोड़ला विश्राम गृह के पास एक और सर्व सुविधायुक्त सुलभ शौचालय पंद्रह लाख अस्सी हजार रूपए की लागत से तैयार कर रहा है। अब देखने वाली बात होगी की इस इस सुलभ शौचालय का सुख आम लोग भोग पाएंगे या फिर बनने के बाद इस पर भी ताला लटका दिया जाएगा और विश्व शौचालय दिवस पर ही फोटोग्राफी के लिए खोला जाएगा।

---

# अवैध परिवहन करते जब्त की गई 50 बोरी धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले में अवैध धान परिवहन को लेकर निगरानी और कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में ग्राम शीतलपानी में संयुक्त टीम ने संदिग्ध वाहन की जांच की। परिवहनकर्ता नर्मदा साहू से धान परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, किंतु कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 50 बोरी अवैध धान जब्त किया। इस कार्रवाई में संचालनालय खाद्य, रायपुर से पंकज सेतपाल, सहायक संचालक (खाद्य) तथा श्री गौरव, खाद्य निरीक्षक, साथ ही राजस्व एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विशेष रूप से रेंगाखार नायब तहसीलदार श्री साहू एवं उनकी टीम द्वारा सतत निगरानी और त्वरित कार्रवाई में शमिल रहे। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार कबीरधाम जिले में अवैध धान के परिवहन एवं अवैध भंडारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। खरीदी सीजन को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष चौकसी बढ़ाई गई है। कलेक्टर श्री वर्मा ने स्पष्ट किया है कि अवैध धान परिवहन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

---

### वनमाली व पाठक मंच की संगोष्ठी में कवियों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

**कवर्धा।** वनमाली सृजन केन्द्र व पाठक मंच की एक संगोष्ठी गत दिनो स्थानीय सर्किट हाउस के अशोक हाल में संपन्न हुई। संगोष्ठी की शुरुआत में पंडरिया के साहित्यकार शिक्षक महेश पांडे के असामयिक निधन पर उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। पिछले दिनों ही कैंसर की वजह से महेश पांडे का देहांत हुआ है। पुष्पांजलि नागले, राजाराम हलवाई, संतराम थवाईत, राजकुमार मसखरे, भागवत साहू, सात्विक श्रीवास्तव, महेश आमदे, नीरज मनजीत, अजय श्रीवास्तव, समयलाल विवेक, अंकुर गुप्ता और नरेन्द्र कुमार कुलमित्र ने महेश पांडे के व्यक्तित्व व लेखन से जुड़े कई भावनात्मक संस्मरण सुनाए। सभी रचनाकारों का कहना था कि महेश एक संवेदनशील और सहृदय साहित्यकार थे, जो समसामयिक घटनाओं का गहराई से विश्लेषण करके तीखी टिप्पणियां करते थे। खासकर मुंबई में टाटा मेमोरियल अस्पताल में कैंसर के इलाज के दौरान उनके संवेदनात्मक लेखन और उनकी जिंदादिली को रेखांकित किया गया। काव्यपाठ के दूसरे सत्र की शुरुआत करते हुए अंकुर गुप्ता ने नए तेवर की गजलें सुनाई, जिनके शेरों में जिंदगी के पहलू नए अंदाज में व्यक्त हो रहे थे। राजकुमार मसखरे ने व्यंग्य और हास्य के सम्मिश्रण में कुछ क्षणिकाएं सुनाईं। संतराम थवाईत ने सामयिक राजनीति पर चुटकी लेते हुए तीन कविताएं पढ़ीं। राजाराम हलवाई ने ख्यात कवि रमानाथ अवस्थी की कविता का पाठ किया। देवचरण धुरी ने बड़े ही चुटीले अंदाज में छत्तीसगढ़ कविताएं पढ़ीं। प्रहलाद पात्रे ने अपनी कविता में अकेलेपन की सार्थकता व्यक्त की। युवा कवि सात्विक श्रीवास्तव ने बड़ी ही संवेदनशीलता से आसपास के बिंबों को कविताओं में समेटा। महेश आमदे ने गांव की स्त्री के संघर्ष को कविता में उकेरा और छत्तीसगढ़ महतारी शीर्षक से लंबी कविता के अंश सुनाए। नीरज मनजीत ने प्रकृति के नए बिंबों को आशावादी शब्दों में ढालते हुए क्वांटम भौतिकी पर एक विज्ञान कविता सुनाई। अजय चन्द्रवंशी ने चिरपरिचित अंदाज में तीखे तेवर की कविताएं पढ़ीं। समयलाल विवेक ने वाम विचारों में पगी नई कविताएं सुनाई। नरेन्द्र कुमार कुलमित्र ने लौटना शीर्षक से वर्तमान और अतीत के सकारात्मक पहलुओं को कविता में व्यक्त किया। आखिर में भागवत साहू ने जीवन के द्वंद्व को शब्द दिए।

### पाण्डातराई महाविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन



**पाण्डातराई।** अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय पांडातराई में गत दिनो रसायन शास्त्र विभाग के द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। जिनके मुख्य विषय जलवायु परिवर्तन और भावी पीढ़ी पर इसका प्रभाव के बारे में मुख्य अतिथि डॉ. मौली थॉमस सहायक प्राध्यापक, भोलाराम घृतलहरे सहायक प्राध्यापक एवं ओमप्रकाश देवांगन सहायक प्राध्यापक के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि हमारी प्रकृति को किस प्रकार से संरक्षण करे और प्रदूषण को कम किया जाए जिसे जलवायु में होने परिवर्तन जैसे बाढ़, भूकंप, तापमान में वृद्धि की समस्या को कम किया जा सके तथा आने वाले पीढ़ियों को समस्याओं का सामना करने की जरूरत ना पड़े। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लखन कुमार तिवारी प्राध्यापक कार्यक्रम के संचालक और रसायन शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार त्यागी सहायक प्राध्यापक एवं डॉक्टर गजानंद साहू अतिथि प्राध्यापक उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में बीएससी और एमएससी के छात्र-छात्राओं के द्वारा जलवायु परिवर्तन को पोस्टर प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों की सराहना की गई और पर्यावरण के बारे में जागरूकता लाने का संदेश दिया गया।

### कवर्धा में 22 नवंबर को निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर

**कवर्धा।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर जिला अस्पताल कवर्धा में नागरिकों की स्वास्थ्य जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 22 नवंबर 2025 शनिवार को निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आमजन को विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम सेवाएं प्रदान करेगी। शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराने की दिशा में उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए यह विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेंद्र तूरे ने बताया कि शिविर में मेमोग्राफी मशीन, मुख कैंसर परीक्षण (ब्रश साइटोलॉजी) तथा बच्चेदानी के मुख के कैंसर की जांच (पेप स्मीयर) जैसी उन्नत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिले के सभी विकासखंडों से चिन्हित संभावित कैंसर मरीजों की स्क्रीनिंग कर उन्हें आवश्यक उपचार व्यवस्था एवं सतत फॉलोअप से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य कैंसर के शुरुआती लक्षणों के प्रति जनसामान्य में जागरूकता बढ़ाना है। चिकित्सकों के अनुसार स्तन में गांठ, मुंह में अल्सर, लगातार खांसी, थकान, वजन में कमी, खून की कमी, गले में गांठ, निगलने में कठिनाई तथा असामान्य रक्तस्राव जैसे लक्षण कैंसर के संकेत हो सकते हैं, जिनकी अनदेखी न करने की अपील की गई है।

---

**200 यूनिट तक मिलेगा हाफ बिजली का लाभ, प्रदेश के 42 लाख उपभोक्ता होंगे लाभान्वित**

# मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए की बड़ी घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



राज्य के विद्युत उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज विधानसभा के विशेष सत्र में नई बिजली योजना की घोषणा की। अब प्रदेश के ऐसे घरेलू उपभोक्ताओं को जिनका 200 यूनिट तक विद्युत खपत है उन्हें 200 यूनिट तक हाफ बिजली का पूरा लाभ प्राप्त होगा। इस निर्णय से राज्य के 36 लाख घरेलू उपभोक्ता सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। 200 से 400 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं को भी अगले 1 वर्ष तक 200 यूनिट तक हॉफ बिजली बिल का लाभ मिलेगा, इससे 6 लाख उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। इन उपभोक्ताओं को 1 वर्ष तक की छूट दी गई है ताकि इस अवधि में वे अपने घरों में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर प्लांट स्थापित करा सके। इस तरह 200 यूनिट तक हॉफ बिजली बिल योजना से प्रदेश के 45 लाख उपभोक्ताओं में से 42 लाख उपभोक्ता लाभान्वित होंगे, वहीं प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना का लाभ प्रदेश के सभी उपभोक्ताओं को मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हर उपभोक्ता को सस्ती, सुचारू और भरोसेमंद विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना है। सोलर प्लांट स्थापना प्रक्रिया में समय लगने के कारण घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 1 दिसंबर से नई योजना लागू की जा रही है, जिससे आम जनता के बिजली बिल में महत्वपूर्ण कमी आएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी बताया कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत राज्य शासन की ओर से सब्सिडी दी जा रही है। जिसके तहत 1 किलोवॉट क्षमता के सोलर प्लांट पर 15,000 रुपये तथा 2 किलोवॉट या उससे अधिक क्षमता के प्लांट पर 30,000 रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी दी जा रही है। यह व्यवस्था राज्य में सौर ऊर्जा अपनाने को प्रोत्साहित करेगी और आने वाले समय में उपभोक्ताओं को हाफ बिजली से फ्री बिजली की ओर ले जाएगी। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह निर्णय न केवल जनता के बिजली बिल को कम करेगा बल्कि राज्य को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा।

---

# अवैध शराब मामले में फरार रहे आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई/कुकदुर

थाना कुकदूर पुलिस द्वारा अवैध शराब परिवहन प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी धर्मेन्द्र उर्फ सोनू सारीवान को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पंचायत चुनाव के दौरान मध्यप्रदेश से बड़ी मात्रा में शराब की आपूर्ति कराने में शामिल था तथा पुनः मध्यप्रदेश से अवैध शराब छत्तीसगढ़ में लाने के लिए ग्राहक तलाशता हुआ पकड़ा गया। इस मामले में कुकदुर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गत 07-08 फरवरी 2025 की दरमियानी रात एक बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 10 पी 6651 को मध्यप्रदेश आबकारी निर्मित देसी प्लेन मदिरा 39 पेटी कुल 1950 पौवा कीमत लगभग 1,95,000 रुपए सहित मध्यप्रदेश सीमा से कुकदुर क्षेत्र के तेलियापानी धोबे घाट में छोड़कर आरोपी फरार हो गए थे। इस प्रकरण में पूर्व में शराब परिवहन में संलिप्त चालक आरोपी



पियुष कुमार, चुनाव के लिए शराब मंगाने वाले आरोपी तुलसी कश्यप तथा वाहन स्वामी आरोपी लोखन प्रसाद महोबिया को क्रमशः 08. फरवरी 2025, 23 मार्च 2025 एवं 30 मार्च 2025 को गिरफ्तार किया जा चुका था। प्रकरण का एक अन्य आरोपी धर्मेन्द्र उर्फ सोनू सारीवान घटना दिनांक से लगातार फरार चल रहा था। फरार आरोपी की तलाश के लिए पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भूपत सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुकदुर निरीक्षक संग्राम सिंह के नेतृत्व में लगातार पतासाजी की जा रही थी। इसी कड़ी में 18 नवम्बर को सूचना प्राप्त हुई कि फरार आरोपी पुनः मध्यप्रदेश निर्मित शराब को छत्तीसगढ़ लाने के लिए ग्राहक ढूंढते हुए पंडरिया-खाम्ही बाजार की ओर आ रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए टीम द्वारा पंडरिया-खाम्ही रोड पर घेराबंदी कर आरोपी धर्मेन्द्र उर्फ सोनू सारीवान को पकड़ा गया।

## खबर संक्षेप



### लूट के 6 आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े, भेजा जेल

**भिलाई।** लूट की वारदात को अंजाम देने वाले 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि टेकापार बोरी निवासी महेन्द्र सोनी ने शिकायत किया है कि गांव गांव जाकर फेरी लगाकर सोना चांदी के आभूषण बेचता है। भतीजा राहुल सोनी के साथ ग्राम रूहा फेरी लगाने सुबह गया था। फेरी कर वापस लौटते समय ग्राम टेकापार खिलौरा में बरगद पेड के नीचे तीन अज्ञात युवक बाइक चालक भतीजे राहुल सोनी के आंखो में मिर्च पावडर उडेंलकर जेवरात को लेकर फरार हो गए। जिसकी कीमत 96 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपियों की तलाश में जुटी रही। बोरी पुलिस ने टेक्निकल साक्ष्यों, सीसीटीवी का फुटेज खंगाला गया। मुखबिर की सूचना पर लूट के जेवरतों को आरोपीगणों ने परपोड़ी क्षेत्र में बेचा गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने संदेही खालेपारा परपोडी निवासी कपिल साहू , इंदिरा नगर परपोड़ी आकाश श्रवण,धौराभाठा बेमेतरा रोहित यादव, छुईखदान गंडई रामजी लोधी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि नागपुर निवासी गणेश धनकर उर्फ चिंटू के साथ मिलकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। जेवरातों को भगत नगर नागपुर निवासी राजा साहू के पास बेचना स्वीकार किया। पुलिस ने जेवरात, बाइक, चाकू जब्त किया है।

### दुर्ग निगम दफ्तर में मेयर की नेमप्लेट पर कालिख, शिकायत

**दुर्ग।** नगर निगम दफ्तर में मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे बड़ी घटना हुई। एनएसयूआई के अध्यक्ष वरुण केवलतानी और उपाध्यक्ष आदिल खान ने महापौर अलका बाघमार के चेंबर के बाहर लगे नेमप्लेट में कालिख पोत दी। खास बात यह है कि घंटों इसकी खबर किसी को नहीं हुई। बाद में जब वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ, तो इसकी जानकारी महापौर और आयुक्त सुमित अग्रवाल को हुई। महापौर ने तत्काल आयुक्त को निर्देशित किया कि आरोपियों के खिलाफ एफआईआर कराई जाए। उन्होंने निगम दफ्तर में इस प्रकार की घटना को लेकर कहा कि सुरक्षा की चूक है। बहरहाल शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। मामले को लेकर वरुण केवलतानी ने कहा कि नलघर के सम्पवेल में लाश मिलने के बाद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। वे मांग कर रहे हैं कि महापौर सार्वजनिक माफी मांगें। प्रभावित क्षेत्र में हेल्थ कैम्प लगाए जाएं। इसके अलावा दोषी अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। ऐसा नहीं किए जाने के विरोध में उन्होंने कालिख पोती। उन्होंने कहा कि यदि हमारी मांग पूरी नहीं होती, तो और भी उग्र आंदोलन करेंगे।

### बीएसपी के भीतर हाइवा की टक्कर से श्रमिक की मौत

**भिलाई।** बीएसपी के भीतर हादसे में ठेका श्रमिक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भठ्ठी पुलिस ने बताया कि ठेका श्रमिक हर्षवर्धन निषाद को प्लांट के भीतर हाइवा वाहन ने जोरदार टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। श्रमिक को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां उपचार के दौरान हर्ष ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों ने बीएसपी के गेट-1 को जाम कर मुआवजे और छोटे बेटे की नौकरी की मांग कर रहे थे। हादसे के बाद परिजनों ने बीएसपी प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों का आरोप है कि प्लांट के अंदर सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं थे। मृतक की बहन के मुताबिक जब यह हादसा हुआ तो आस-पास सभी लोग मौजूद थे। किसी ने भी भाई को अस्पताल नहीं पहुंचाया। एंबुलेंस को भी आने में देरी हुई। कर्मियों को जो भी सुरक्षा किट दिए गए हैं वो भी सारे खराब है।

---

### सुविधा : 200 अस्थिबाधित दिव्यांगों ने करवाया पंजीयन

# प्रत्येक बुधवार को बनेंगे जिला अस्पताल बेमेतरा में अब दिव्यांग सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा

■ 75 अस्थिबाधित दिव्यांगों का बनाया गया दिव्यांग सर्टिफिकेट

स्वास्थ्य विभाग जिला चिकित्सालय में हड्डी रोग विशेषज्ञ का पद लंबे समय से रिक्त होने कारण जिला चिकित्सालय में जिला मेडिकल बोर्ड से अस्थिबाधित दिव्यागों का मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं बन रहा था जिससे हितग्राहियों को अन्य जिला से प्रमाण पत्र बनवाने भटकना पड़ता था जिसके चलते जिला बेमेतरा वासियों को दिव्यांग सर्टिफिकेट बनवाने जाने पर आर्थिक परेशानी से भी गुजरना पड़ता था।

हालांकि सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ लोकेश साहू ने अपने स्तर पर हितग्राहियों को अन्य जिला से प्रमाण पत्र हेतु आने जाने के लिए निशुल्क एंबुलेंस व्यवस्था किया था,फिर भी



हितग्राहियों को विभिन्न परेशानियों से गुजरना पड़ता था, इसे देखते हुए सिविल सर्जन ने कवर्धा जिला चिकित्सालय के ऑर्थोपेडिक डॉ गौरव परिहार से शासन स्तर पर दिव्यांग सर्टिफिकेट हेतु तैयार किया गया जो कि 20 अस्थिबाधित दिव्यागों को लाभ पहुंचा और बुधवार 19 नवम्बर को सिविल अस्पताल सुपेला जिला दुर्ग के डॉ अनुरंजन टोप्पो द्वारा 55 अस्थिबाधित दिव्यागों को अस्थिबाधित दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाकर लाभ पहुंचाए अस्थिरोग विशेषज्ञ से एक दिन प्रत्येक बुधवार को जिला चिकित्सालय बेमेतरा में अस्थिबाधित दिव्यागों का मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने हेतु सेवा प्रदान करने निवेदन किया गया ,जानकारी अनुसार बेमेतरा जिला में 200 हितग्राही अस्थिबाधित दिव्यांगों का सर्टिफिकेट के लिए पंजीयन करवाए है जिसमें कुल 75 अस्थिबाधित दिव्यागों को लाभ मिल चुका हैं और क्रमशः प्रत्येक बुधवार को बुलाकर उनका दिव्यांग सर्टिफिकेट बनवाया जाएगा,इसकी शुरुआत शनिवार 8 नवंबर को 20 अस्थिबाधित हितग्राहियों का दिव्यांग सर्टिफिकेट जारी कर किया गया, ओर 19 नवम्बर को 55 अस्थिबाधित दिव्यागों के साथ 5 पीडियाट्रिक एवं 1 मनोरोगी का दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाया गया, सभी पूर्व में पंजीकृत हितग्राहियों का दिव्यांग सर्टिफिकेट बनवाने के बाद क्रमशः नए हितग्राहियों को जिला चिकित्सालय बेमेतरा में जिला मेडिकल बोर्ड से दिव्यांग सर्टिफिकेट बनने शुरू हो जाएगा उक्त जानकारी जिला चिकित्सालय बेमेतरा के अस्पताल प्रबंधक डॉ स्वाति यदु ने दी।

---

## आईटीआई बेमेतरा में रजत जयंती वर्ष का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ प्रशिक्षणार्थियों ने दिखाई कला और तकनीकी दक्षता

स्व. चंदूलाल चंद्राकर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) में रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर विविध सांस्कृतिक, रचनात्मक एवं तकनीकी गतिविधियों का श्रृंखलाबद्ध आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। चार दिनों तक चले इन कार्यक्रमों में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मक क्षमता और तकनीकी दक्षता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

जिसमें प्रतिभागियों ने सामाजिक सरोकार, पर्यावरण संरक्षण, तकनीकी नवाचार और कौशल विकास जैसे विषयों पर आकर्षक एवं संदेशपूर्ण पोस्टर तैयार किए। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जहां प्रशिक्षुओं ने रंग-बिरंगे प्राकृतिक रंगों की सहायता से परंपरागत कला को आधुनिक रचनात्मकता के साथ जोड़ते हुए सुंदर रंगोलियों की प्रस्तुति दी। परिसर पूरे दिन रंग-रंगीन कलाकृतियों से सजा रहा। रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत 13 नवंबर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को प्रशिक्षुओं ने अत्यंत मनमोहक तरीके से प्रस्तुत किया। सूवा गीत, पंथी नृत्य सहित अन्य लोक-कलाओं ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया और कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।कार्यक्रम श्रृंखला के अंतिम दिन 14 नवंबर तकनीकी प्रदर्शन एवं पारंपरिक शिल्प प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस प्रदर्शनी में संस्थान के विभिन्न ट्रेडों के प्रशिक्षणार्थियों ने तकनीकी मॉडल, नवाचार और मशीनरी के कौशलपूर्ण उपयोग का प्रदर्शन किया। साथ ही छत्तीसगढ़ी पारंपरिक शिल्पों की आकर्षक प्रदर्शनी ने आगंतुकों को स्थानीय कला, संस्कृति और हस्तशिल्प की झलक से अवगत कराया।

संस्थान के प्राचार्य एवं प्रशिक्षकों ने बताया कि रजत जयंती वर्ष का यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा और कौशल को उभारने का माध्यम बना, बल्कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा और तकनीकी शिक्षा के समन्वय का सशक्त उदाहरण भी प्रस्तुत करता है।

---



## कृषि महाविद्यालय में हुआ दो दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में दो दिवसीय फील्ड विजिट एवं मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 17 से 18 नवंबर तक आयोजित हुआ, जिसमें पंडित जवाहरलाल नेहरू आर्ट एंड साइंस कॉलेज के लगभग 90 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन से संबंधित व्यापक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में मशरूम उत्पादन की विभिन्न विधियां, मशरूम से होने वाले स्वास्थ्य व आर्थिक लाभ, पैरा (खुम्भी) एवं ऑयस्टर (आईस्टर) मशरूम के उत्पादन की तकनीक, मशरूम में लगने वाले कीट, व्याधि एवं रोगों की पहचान तथा उनसे बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही, मशरूम उत्पादन को एंटरप्रेन्योरशिप के रूप में अपनाने, लागत-लाभ विश्लेषण तथा कृषि अपशिष्ट के उपयोग पर भी विशेष जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में महिलाओं की भागीदारी को भी प्रमुखता से रेखांकित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य प्रशिक्षक द्वारा छात्रों को पैरा कुट्टी से मशरूम बेड तैयार करना, बैग भरना, बीजाई करना आदि प्रक्रियाएं लाइव डेमो के माध्यम से समझाई गईं। छात्रों ने इन गतिविधियों को स्वयं कर सीखने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने मशरूम से बने पकोड़े एवं कस्टर्ड भी तैयार किए और इन व्यंजनों का आनंद लिया। इस दौरान पंडित जवाहरलाल नेहरू आर्ट एंड साइंस कॉलेज के प्राध्यापक भी छात्रों के मार्गदर्शन हेतु उपस्थित रहे। महाविद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ने छात्रों को मशरूम उत्पादन के वैज्ञानिक, व्यावहारिक एवं उद्यमशीलता से जुड़े सभी पहलुओं को समझने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया।

---

## लोककला व जस गायन से अपनी संस्कृति को करते हैं समृद्धः छाबड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ गब्दा पिरदा में एक दिवसीय लोक कला महोत्सव

विधानसभा अंतर्गत ग्राम गब्दा पिरदा में जय मां महामाया जस झांकी मंडली द्वारा आयोजित एक दिवसीय लोक कला महोत्सव में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि जैसा की लोक कला महोत्सव हमारे धार्मिक संस्था का एक प्रमुख केंद्र है। गांव में एक महोत्सव के रूप में मनाया जाता है जिससे हमें सीख मिलती है कि अपने गांव में भाईचारा एकता , बनाए रखने के लिए लोक महोत्सव पर्व को त्योहार मुख्य रूप से मनाया जाता है। लोक कला तथा जस गायन के रूप में हम अपनी संस्कृति को समृद्ध करते हैं तथा इससे न केवल आपसी भाईचारा बढ़ता है बल्कि गांव में रौनकता भी आती है। शक्ति की आराधना पूरे संसार में की जाती है। इसी शक्ति की आराधना आज हमारे ग्राम में हो रही है। कार्यक्रम में सीमा टिकरिया, निहाल परगनिहा, चितरेन निषाद, सूरज निषाद, मंचस्थ मण्डली सहित भारी संख्या में ग्रामवासी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---




## नपाध्यक्ष ने श्री रामलला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य सरकार द्वारा प्रदेशवासियों की आस्था और श्रद्धा को मूर्त रूप देने के लिए प्रारंभ की गई श्री राम लला दर्शन योजना के तहत बुधवार को सुबह 7 बजे बेमेतरा जिला मुख्यालय से 62 श्रद्धालु जय श्री राम के जय घोष के साथ बस से अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, जनपद अध्यक्ष हेमा जय दिवाकर एवं एसडीएम पिंकी मनहर ने तीर्थ यात्रियों के बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यात्रा के शुभारंभ पर नपाध्यक्ष सिन्हा ने श्रद्धालुओं की यात्रा के मंगलमयी होने की कामना की उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को हमारे भांचा श्री राम लाल के निशुल्क दर्शन कराने की यह पुण्य यात्रा अनवरत जारी है.

प्रदेशवासियो की अद्वितीय आस्था उत्साह और सरकार की प्रतिबद्धता के चलते श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है इस यात्रा में श्रद्धालुओं को काशी विश्वनाथ धाम के दर्शन का सौभाग्य भी प्राप्त हो रहा है।

---

### नशामुक्ति की विद्यार्थियों को दिलाई गई शपथ

**दुर्ग।** मादक पदार्थों के सेवन से गंभीर सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और शारीरिक समस्याएं उत्पन्न हो रहीं है, जिसके समाधान के लिए नशामुक्त भारत अभियान की शुरूवात की गई है। शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इस तारतम्य में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने बताया कि महाविद्यालय में ड्रग समिति स्थापित की गई है, जो कि निरंतर एवं नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम एवं गतिविधियां न सिर्फ महाविद्यालय परिसर अपितु महाविद्यालय के आसपास भी सक्रिय है। प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने कहा कि युवा नशामुक्त भारत अभियान में स्वयंसेवक या प्रशिक्षु बनकर जुड़ सकते हैं।

---

## सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष बने लालन, पिंटू सिन्हा बने उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के चारों विकासखंड के सरपंचों की मौजूदगी में जिला सरपंच संघ का गठन किया गया जिसमें नवागढ़ ब्लाक के सरपंच संघ अध्यक्ष लालन सिंह यादव को जिला सरपंच संघ अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई ।संघ की जिले की कमान सौंपे जाने के उपरांत श्री यादव का सदस्यों ने फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किए ।

इसके पूर्व बुधवार जिले के बेमेतरा,नवागढ़ ,साजा ,बेरला ब्लॉक के सरपंच संघ अध्यक्षों की जिला मुख्यालय में जिला पंचायत सभापति प्रीतम चंद्रले, अंजू बघेल, बलराम पटेल, डिलिए निषाद की उपस्थिति में बैठक हुई जिसमें जिला सरपंच संघ पदाधिकारियों के निर्वाचन पर चर्चा हुई। चर्चा उपरांत सर्व सम्मति से प्रस्ताव



पारित करते हुए लालन सिंह यादव को जिला सरपंच संघ का जहां अध्यक्ष चुना गया वही जिला उपाध्यक्ष पद पर ग्राम रेवे सरपंच रघुबीर (पिंटू) सिन्हा बनाए गए,सचिव साजा ब्लॉक के अजय साहू ,कोषाध्यक्ष बेमेतरा सरपंच संघ अध्यक्ष तारा चंद्रवर्मा नियुक्त किए गए। जिले की कारिणी सदस्यो की नियुक्ति आगामी जिला सरपंच संघ के बैठक में लिए जाने का निर्णय पारित किया गया।

**जनहित ओर सुशासन पर आधारित जिले में सरपंच संघ कार्य करेगा : लालन :** जिला सरपंच संघ अध्यक्ष लालन सिंह यादव ने नई जिम्मेदारी मिलने पश्चात कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास ओर मूलभूत सुविधाएं सुगम बनाने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से पूरा किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिले सरपंच साथियों के जनहित कार्यों पर विघ्न डालने का प्रयास किया जाता है,ऐसे तत्वों से सरपंच संघ मजबूती से बेनकाब करेंगी ।

---

## नपा के नेता प्रतिपक्ष बनाएं गए पार्षद राजू साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पालिका बेमेतरा में कांग्रेस पार्षद राजू साहू को नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है. नगर पालिका में बतौर नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद उन्होंने कहा कि जनता के हित में उनकी समस्याओं और मुद्दों को उठाने का काम करूंगा. राजू साहू ने छात्र राजनीति से अपनी करियर की शुरुआत की. वह वार्ड क्रमांक 5 से दूसरी बार कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतकर पार्षद चुने गए हैं. साहू ने जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा एवं



कांग्रेस पार्टी और संगठन के प्रति आभार जताया. उन्होंने कहा कि मुझे शहर की आबादी के लिए उनकी समस्याओं और हित के लिए मुद्दों और आवाज उठाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है। साहू ने स्पष्ट कहा कि नगर पालिका में बैठी भाजपा की सरकार नगर के हित में कार्य करेगी तो स्वागत है, लेकिन अगर जन विरोधी कार्य करेगी तो पुरजोर विरोध किया जाएगा. उन्होंने दावा किया कि पांच साल विपक्ष नगर पालिका की सरकार को गलत काम नहीं करने देगी । नगर पालिका के नवनियुक्त नेता प्रतिपक्ष साहू ने कहा कि भाजपा की सरकार ने मनमाने तरीके से काम किया. शहर के सभी वार्डों के मतदाता और आमजनों से कहना चाहता हूं कि मेरी जिम्मेदारी नेता प्रतिपक्ष की है. नगर की जनता की आवाज और उनकी जो भी परेशानी होंगी वहां मैं उनके साथ उनके लिए लड़ता मिलूंगा ।

---

### 425 ग्राम पंचायतों में से 417 को प्रमाण पत्र जारी करने की तैयारी

# बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों की घोषणा प्रक्रिया अंतिम चरण में

11 नगरीय निकायों में से 8 ने दी बाल विवाह प्रकरणों की शून्यता की पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों की घोषणा की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

शासन के निर्देशानुसार, ऐसे ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्र जहां पिछले दो वर्षों में एक भी बाल विवाह प्रकरण दर्ज नहीं हुआ, उन्हें "बाल विवाह मुक्त" घोषित किया जाना अनिवार्य है। जिला बेमेतरा में कुल 425 ग्राम पंचायतों में से 417 ग्राम पंचायतों के द्वारा यह प्रमाणित किया गया है कि उनके क्षेत्र में पिछले दो वर्षों में कोई बाल विवाह प्रकरण नहीं हुआ है। इसी प्रकार जिले के 11 नगरीय निकायों में से 8 नगरीय निकाय/नगर पंचायतों ने भी नियमानुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए बाल विवाह प्रकरणों के न होने की पुष्टि की है। इन सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित करते हुए प्रमाण पत्र जारी किए जाने की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है।

यह प्रमाण पत्र बाल विवाह रोकथाम के क्षेत्र में समुदाय, पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, महिला समूहों और स्थानीय प्रशासन की संयुक्त प्रतिबद्धता का प्रतीक होगा।

**आपत्तियां दर्ज करने हेतु 7 दिनों की समय-सीमा :** यदि जिले के किसी भी नागरिक, संस्था या हिं इस सूची के संबंध में कोई आपत्ति हो या किसी ग्राम पंचायत/नगर निकाय में बाल विवाह का कोई प्रकरण संज्ञान में हो, तो वे पत्र जारी होने की तिथि से 7 दिवस के भीतर संबंधित प्रमाणित दस्तावेजों के साथ अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बेमेतरा (छ.ग.) मे कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक आवेदन जमा की जा सकेंगी ।

#### बाल विवाह उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत/नगर निकाय की ये घोषणा न केवल औपचारिक प्रक्रिया है, बल्कि यह जिले में जागरूकता, सामाजिक सहयोग और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का सकारात्मक परिणाम भी है। सामाजिक संस्थाओं, महिला समूहों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी ने बेमेतरा जिले को बाल विवाह रोकथाम में मजबूत स्थिति में स्थापित किया है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी भी प्रकार की गलत जानकारी या छिपाए गए तथ्य हों, तो उन्हें समय पर साझा करें ताकि सूची को पूरी तरह सत्यापित एवं पारदर्शी बनाया जा सके। जिला प्रशासन का यह प्रयास बाल संरक्षण और बाल अधिकारों को सुदृढ़ करने की दिशा में सराहनीय कदम है।

